**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तरालेख्य**

9- (क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड महमूदाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की तैनाती न होने से मरीजों को आयुष औषधियों की चिकित्सा का लाभ नही मिल रहा है?

जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महमूदाबाद में एक 04 शैय्या राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय संचालित है जिसमें 01 चिकित्साधिकारी तैनात हैं उक्त चिकित्सालय द्वारा लगभग प्रतिमाह 700 मरीजों की ओ0पी0डी0 की जा रही है।

उक्त के अतिरिक्त महमूदाबाद में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित है, जिसमें आयुष विभाग का 01 राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय (मय चिकित्सक) है, उक्त चिकित्सालय में लगभग प्रतिमाह 1500 मरीजों की ओ0पी0डी0 की जा रही है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के इसी परिसर में एन0आर0एच0एम0 के माध्यम से संविदा के 02 आयुष चिकित्सक, 01 यूनानी एवं 01 होम्योपैथिक विधा में कार्यरत हैं। होम्योपैथिक चिकित्सक द्वारा लगभग
प्रतिमाह 2500 मरीजों की ओ0पी0डी0 तथा यूनानी चिकित्सक द्वारा लगभग 1100 मरीजों की ओ0पी0डी0 की जा रही है।

अत: जनसामान्य को जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महमूदाबाद में आयुष (आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी) चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा सुविधा का भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है।

(ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति करायेंगें?

प्रश्न नही उठता।

(ग) यदि हॉ, तो कब तक ?

प्रश्न नही उठता।

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रश्न नही उठता।

डा0 दयाशंकर मिश्र "दयालु"
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।